A

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा–2025–26
# जीवविज्ञान
# कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट [ पूर्णांक : 70 ]

निर्देश—
(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
(iii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।

1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए—

(क) घोंघे द्वारा परागण कहलाता है—

(a) मैलेकोफिली (c) एनीमोफिली
(b) हाइड्रोफिली (d) जूफिली।

(ख) निम्न में से किसमें 23 गुणसूत्र होते हैं—

(a) स्पर्मेटोगोनियाँ (c) द्वितीयक ऊसाइट
(b) युग्मनज (d) ऊमोनिया।

(ग) अर्द्धसूत्री विभाजन निम्न में से किसमें नहीं होता है— 1

(a) पादप कोशिका में (c) 'a' व 'b' दोनों में
(b) जन्तु कोशिका में (d) जीवाणु में।

(घ) 'डार्विन फिंचेज' उदाहरण है— 1

UPBoardHub

(a) अनुकूली विकिरण का (c) अनुकूली अभिसरण का
(b) जेनेटिक ड्रिफ्ट का (d) इनमें से कोई नहीं।

2.(क) पुष्प का कौन–सा भाग फल की रचना करता है? 1

(ख) मानव परिवर्द्धित भ्रूण किस अंग से पोषण व ऑक्सीजन प्राप्त करता है? 1

(ग) सहप्रभाविता क्या है? 1

(घ) कौन–सा पिरिमीडीन क्षारक RNA में अनुपस्थित होता है? 1

(ङ) लैमार्क की पुस्तक का नाम लिखिए। 1

3.(क) मार्फीन किस पौधे से प्राप्त होती है? 2

(ख) सहविलुप्तता क्या है? 2

(ग) समापन कोडॉन तथा प्रारम्भक कोडॉन क्या होते हैं? 2

(घ) आनुवांशिकता तथा आनुवांशिकी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

(ङ) लघु बीजाणुधानी की सबसे भीतरी परत क्या कहलाती है? इसका क्या महत्व है? 2

4.(क) बहुभ्रूणता पर टिप्पणी लिखिए। 3

(ख) प्रसव प्रक्रिया के दौरान शामिल होने वाले विभिन्न हार्मोनों का एक विवरण दीजिए। 3

(ग) जी०आई०एफ०टी० पर टिप्पणी लिखिए। 3

(घ) यदि किसी मनुष्य में xxy लिंग गुणसूत्र पाए जाएँ तो उसके शरीर एवं जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा? 3

5.(क) B D.N.A. एवं Z D.N.A. में अन्तर लिखिए। 3

(ख) पूर्वजता (प्रत्यावर्तन) से क्या तात्पर्य है? 3

(ग) सक्रिय प्रतिरक्षा पर टिप्पणी लिखिए। 3

(घ) द्वि–निषेचन को परिभाषित कीजिए। 3

6.(क) स्तन ग्रन्थि पर टिप्पणी लिखिए। 3

UPBoardHub

(ख) परिवार नियोजन पर टिप्पणी लिखिए। 3

(ग) D.N.A. की प्रधान श्रृंखला तथा अनुगामी श्रृंखला में अन्तर लिखिए। 3

(घ) एण्टअमीबा द्वारा कौन–सी बीमारी उत्पन्न होती है? इसका नियंत्रण कैसे हो सकता है? 3

7. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए— 5

(क) स्वाइन फ्लू

(ख) चिकन गुनिया

अथवा

निषेचन क्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए तथा द्विनिषेचन का महत्व लिखिए।

8. लैमार्कवाद का वर्णन कीजिए। इसकी आलोचना पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

मनुष्य के मादा जनन तन्त्र का वर्णन कीजिए।

9. लिंग–सहलग्न गुणों से आप क्या समझते हैं? मनुष्य में किन्हीं दो लिंग–सहलग्न गुणों की वंशागति को रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 5

अथवा

D.N.A. की संरचना के वाटसन एवं क्रिक मॉडल की उपयुक्त चित्र बनाकर समझाइए तथा इसके कार्य का वर्णन कीजिए।

□ □ □ □ □

UPBoardHub